संख्या-38/2019/186/71-3-2019-एन0एम0-05/2019

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनॉक 09 मार्च, 2019

विषय:- केन्द्र सहायतित योजना (फेज-1) के अंतर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध संयुक्त चिकित्सालय, दर्शननगर हेतु लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/2019/352, दिनांक 30-01-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्र सहायतित योजना (फेज-1) के अंतर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध संयुक्त चिकित्सालय, दर्शननगर में एम0सी0आई0 मानकानुसार लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के 13 पदों (संलग्न-1), को अस्थायी रूप से दिनांक 29-02-2020 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाए, को निम्नांकित शर्तों के अधीन सृजित किए जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1. उक्त पदों पर भर्ती एम0सी0आई0 गाइड लाइन्स तथा अन्य अपेक्षित मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप की जाए।
2. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रणाधीन संयुक्त चिकित्सालय दर्शननगर, अयोध्या हेतु सृजित लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के 13 पदों (संलग्नक-2) को समयबद्ध तरीके से समाप्त किये जाने की कार्यवाही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जायेगी।
3. संयुक्त चिकित्सालय दर्शननगर, अयोध्या में कार्यरत लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के कर्मियों को मेडिकल कालेज हेतु सृजित होने वाले समान वेतनमान के पदों के सापेक्ष प्रतिनियुक्ति पर तैनाती प्रतिनियुक्ति विषयक नियमों के अनुसार की जायेगी।
4. पदों के पदनाम, वेतनमान आदि का निर्धारण राजकीय मेडिकल कालेजों में प्रश्नगत पदों के पदनाम, वेतनमान आदि के सम्बन्ध में, जो व्यवस्था दी गयी है, के अनुसार अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों के आधार पर ही रखा जाए।

3- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0383-मेडिकल कालेज, अयोध्या-31 सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-369/दस-2019, दिनॉक 09 मार्च, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-38/2019/186(1)/71-3-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
4. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
5. प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ।
7. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त चिकित्सालय दर्शननगर, अयोध्या।
8. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
9. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।
10. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. नियोजन-अनुभाग-4
12. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय- नियंत्रण) अनुभाग-3
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-38/2019/186 (1)/71-3-2019-एन0एम0-05/2019, दिनांक 09 मार्च, 2019 का संलग्नक-1

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध संयुक्त चिकित्सायल, दर्शननगर हेतु लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के पदों का विवरण।

क्र0सं0	**पदनाम**	**पदों की संख्या**
1	प्रशासनिक अधिकारी	01
2	प्रधान सहायक/हाउसकीपर	01
3	वरिष्ठ सहायक/कार्यालय सहायक ग्रेड-2	01
4	कनिष्ठ सहायक/कार्यालय सहायक ग्रेड-1	02
5	लेखाकार	01
6	कार्यालय सहायक (वित्त)	01
7	रजिस्ट्रेशन क्लर्क-कम-मेडिकल रिकार्ड कीपर	02
8	स्टोरकीपर	02
9	एम्बुलेन्स चालक	02
	कुल पद	**13**

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-38/2019/186 (1)/71-3-2019-एन0एम0-05/2019, दिनांक 09 मार्च, 2019 का संलग्नक-2

संयुक्त चिकित्सालय, दर्शननगर, अयोध्या में सृजित लिपिकीय/प्रशासनिक संवर्ग के समाप्त/समर्पित किये जाने वाले 13 पदों का विवरण।

क्र0सं0	**पदनाम**	**पदों की संख्या**
1	प्रशासनिक अधिकारी	01
2	वरिष्ठ सहायक	01
2	कनिष्ठ सहायक	03
3	रजिस्ट्रेशन क्लर्क कम मेडिकल रिकार्ड कीपर	02
4	स्टोर कीपर	01
5	एम्बुलेंस चालक	02
6	बायोमेडिकल वेस्ट इंचार्ज	01
7	भण्डार सहायक	02
	कुल पद	**13**

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।